# प्राइमरी कक्षा की छात्राओं हेतु समर फन डे कैम्प आयोजित



विजेता छात्राओं के साथ विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सिंह व अन्य।

गोहाना, 30 मई (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गाँव खानपुर कलां भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राइमरी कक्षा की छात्राओं के लिए एक दिवसीय समर फन डे कैम्प का आयोजन प्राइमरी विंग की अध्यापिका सुनीता एवं कुमारी दिव्या द्वारा किया गया ने किया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सुमिता सिंह द्वारा की गई की। इस दौरान छात्राओं ने रंगों के माध्यम से इन्दरधनुष, थम्म पेंटिंग स्प्लैश द पिन,बॉल एन्ड बास्केट,फिल द सर्कल विद बॉटल,बिल्डिंग ब्लॉक फिलिंग इत्यादि गतिविधियों में भाग लिया । छात्राओं की विभिन्न इंडोर गेम, आउटडोर, ब्रेन गतिविधियां करायी गई। इस अवसर को स्मरणीय बनाने के लिए अध्यापिकाओं द्वारा जुम्बा फॉर किड्स, अरेबिक एवं नृत्य गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य सुमिता सिंह द्वारा विभिन्न गतिविधियों की विजेता छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में मन्नत, परी, ईशा, अवनी और कणिका को समर क्वीन चुना गया। स्प्लैश द पिन में प्रथम स्थान रितिका ने ,द्वितीय स्थान अँशिका ने तथा तृतीय स्थान प्रिया ने हासिल किया। बॉल एड बास्केट में प्रथम स्थान शिखा ने द्वितीय स्थान पल्लवी ने तथा तृतीय स्थान सुनीता ने प्राप्त किया। वहीं थम्म पेंटिंग में प्रथम स्थान विधि ने द्वितीय स्थान वंशिका ने तथा तृतीय स्थान रूबी ने प्राप्त किया।



सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र भेंट करते हुए कुलपति, कुलसचिव व अन्य।

# बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में तीन गैर-शिक्षक कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

गोहाना, 30 मई (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गाँव खानपुर कलां भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज तीन गैर शिक्षक कर्मचारी विश्वविद्यालय सेवा से निवृत हो गए है।महिला विश्वविद्यालय के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक संस्थान में लैब अटेंडेंट के पद पर कार्यरत सरस्वती देवी 38 वर्ष व ओमवती देवी 25 वर्ष से अधिक की सेवा उपरांत, वहीं विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग के लाइब्रेरी अटेंडेंट राजेंदर कुमार 38 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत हो गए। कुलपति कार्यालय स्थित कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में कुलपति प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना की और उन्हें सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में यहाँ कार्यरत कर्मचारियों का अभूतपूर्व योगदान रहा है। कुलपति प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को सराहना पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव ने कहा कि आपके अनुभव की जब भी महिला विश्वविद्यालय को जरूरत होगी तो आपको याद किया जाएगा। इस अवसर पर प्रो संकेत विज, डॉ संदीप दहिया, डॉ. सत्य प्रकाश गौतम, डॉ. वीणा, डॉ. ए पी नायक , डॉ महेश कौशिक , डॉ सविन व रवि दत्त ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए सुखद भविष्य की मंगलकामनाएं दीं।

पंजाब केसरी
SAT,31 MAY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# रिटायर कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित



*रिटायर कर्मचारियों को वी.सी. प्रो. सुदेश प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए।* (अरोड़ा)

गोहाना, 30 मई (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 3 गैर-शिक्षक कर्मचारी विश्वविद्यालय सेवा से निवृत्त हो गए हैं। महिला विश्वविद्यालय के माड़ू सिंह मैमोरियल आयुर्वैदिक संस्थान में लैब अटैंडेंट के पद पर कार्यरत सरस्वती देवी 38 वर्ष, ओमवती देवी 25 वर्ष और इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग के लाइब्रेरी अटैंडेंट राजेंद्र कुमार 38 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए।

वी.सी. कार्यालय स्थित कांफ्रैंस कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में वी.सी. प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना की और उन्हें सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से कहा कि यह संस्थान आज भी आपका है और आगे भी आपका रहेगा। आपके अनुभव की जब भी महिला विश्वविद्यालय को जरूरत होगी तो आपको याद किया जाएगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन एकैडेमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, आयुर्वैदिक कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. सत्य प्रकाश गौतम, इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग की प्राचार्य डॉ. वीणा के साथ डॉ. ए.पी. नायक, डॉ. महेश कौशिक, डॉ. सवीन और वित्त अधिकारी रवि दत्त भी मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
SAT,31 MAY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# मन्नत, परी, ईशा, अवनि और कनिका बनी समर क्वीन

गोहाना, 30 मई (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय स्थित कन्या गुरुकुल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में प्राइमरी कक्षा की छात्राओं के लिए एक दिवसीय समर फन डे कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मन्नत, परी, ईशा, अवनि और कनिका को समर क्वीन चुना गया। अध्यक्षता प्रिंसीपल सुमिता सिंह ने की।

स्प्लैश द पिन में प्रथम स्थान पर रितिका, द्वितीय स्थान पर अंशिका तथा तृतीय स्थान पर प्रिया रहीं। बॉल एंड बास्केट में प्रथम स्थान शिखा, द्वितीय स्थान पल्लवी तथा तृतीय स्थान सुनीता ने प्राप्त किया। वहीं थंब पेंटिंग में प्रथम स्थान विधि, द्वितीय स्थान वंशिका तथा तृतीय स्थान रूबी ने प्राप्त किया।



प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चे प्रिंसीपल सुमिता सिंह के साथ। (अरोड़ा)

संयोजन प्राइमरी विंग से सुनीता एवं दिव्या ने किया। विजेता बच्चों को प्रिंसीपल सुमिता सिंह ने सम्मानित किया।

# मन्नत, परी, ईशा, अवनि और कनिका बनी समर क्वीन




गोहाना मुद्रिका, 30 मई : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय स्थित कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राइमरी कक्षा की छात्राओं के लिए एक दिवसीय समर फन डे कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मन्नत, परी, ईशा, अवनि और कनिका को समर क्वीन चुना गया। अध्यक्षता प्रिंसिपल सुमिता सिंह ने की। स्प्लैश द पिन में प्रथम स्थान पर रितिका, द्वितीय स्थान पर अंशिका तथा तृतीय स्थान पर प्रिया रहीं। बॉल एड बास्केट में प्रथम स्थान शिखा, द्वितीय स्थान पल्लवी तथा तृतीय स्थान सुनीता ने प्राप्त किया। वहीं थंब पेंटिंग में प्रथम स्थान विधि, द्वितीय स्थान वंशिका तथा तृतीय स्थान रूबी ने प्राप्त किया।

# रिटायर कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

गोहाना मुद्रिका, 30 मई : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को तीन गैर शिक्षक कर्मचारी विश्वविद्यालय सेवा से निवृत हो गए है ।महिला विश्वविद्यालय के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक संस्थान में लैब अटेंडेंट के पद पर कार्यरत सरस्वती देवी 38 वर्ष, ओमवती देवी 25 वर्ष और इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग के लाइब्रेरी अटेंडेंट राजेंद्र कुमार 38 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत हो गए।

विदाई समारोह में वी.सी. प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना की और उन्हें सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव ने सेवानिवृत कर्मचारियों से कहा कि यह संस्थान आज भी आपका है और आगे भी आपका रहेगा। आपके अनुभव की जब भी महिला विश्वविद्यालय को जरूरत होगी तो आपको याद किया जाएगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन ऐकडेमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया, आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ सत्य प्रकाश गौतम, इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग की प्राचार्य डॉ वीणा, के साथ डॉ. ए.पी. नायक, डॉ. महेश कौशिक, डॉ. सवीन और वित्त अधिकारी रवि दत्त भी मौजूद रहे।

# बी पी एस खानपुर गुरुकुल की प्राइमरी कक्षा की छात्राओं के लिए एक दिवसीय समर फन डे कैम्प का आयोजन



**जन जागरण संदेश**

अनिल जिंदल, गोहाना/खानपुर कलां-30 मई। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राइमरी कक्षा की छात्राओं के लिए एक दिवसीय समर फन डे कैम्प का आयोजन किया गया। प्राचार्य सुमिता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस दौरान छात्राओं ने रंगों के माध्यम से इन्दरधनुष , थम्ब पेंटिंग स्प्लैश द पिन,बॉल एन्ड बास्केट,फिल द सर्कल विद बॉटल,बिल्डिंग ब्लॉक फिलिंग इत्यादि गतिविधियों में भाग लेकर खूब आनंद उठाया। छात्राओं की विभिन्न इंडोर गेम, आउटडोर, ब्रेन गतिविधियां करायी गई।इस अवसर को स्मरणीय बनाने के लिए अध्यापिकाओं द्वारा जुम्बा फॉर किड्स, अरेबिक एवं नृत्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुमिता सिंह ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्राओं में खेल- खेल में सीखने की भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें अवकाश के दौरान मोबाइल व टीवी को छोड़ कर खेल कूद में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है, जिससे उनका बौद्धिक एवं शारीरिक विकास हो सके। इनसे रचनात्मकता को उजागर करने और अपनी कल्पना को उड़ान देने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्रीमती सुमिता सिंह द्वारा विभिन्न गतिविधियों की विजेता छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में मन्नत, परी, ईशा, अवनी और कणिका को समर क्वीन चुना गया। स्प्लैश द पिन में प्रथम स्थान रितिका ने, द्वितीय स्थान अंशिका ने तथा तृतीय स्थान प्रिया ने हासिल किया। बॉल एड बास्केट में प्रथम स्थान शिखा ने द्वितीय स्थान पल्लवी ने तथा तृतीय स्थान सुनीता ने प्राप्त किया। वहीं थम्ब पेंटिंग में प्रथम स्थान विधि ने द्वितीय स्थान वंशिका ने तथा तृतीय स्थान रूबी ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राइमरी विंग की अध्यापिका श्रीमती सुनीता एवं कुमारी दिव्या ने किया।